Regarding desilting of Yamuna River?Laid

श्री मनोज तिवारी (उत्तर-पूर्व दिल्ली) : यमुना नदी से पानी का संचयन कर दिल्ली के एक बड़े हिस्से की प्यास बुझाई जाती है लेकिन बरसों से गाद की सफाई नहीं होने के कारण जमा मिट्टी का स्तर यमुनाजल की सतह से ऊपर आ गया है जिसके कारण हरियाणा की ओर से बहकर आने वाला पानी बैराज के फाटकों के ऊपर से निकलकर आगे बह जाता है और अपनी नाकामी छुपाने के लिए हरियाणा पर केजरीवाल सरकार झूठे आरोप लगाते हैं। सभापति महोदय Â यमुना प्रवाह के बीच ओखला ,कालिंदी कुंज क्षेत्र में इमारतें खड़ी की जा रही हैं। Â यमुना के अंदर उठता गाद का स्तर और नीचे पड़ते मार्जिनल बांध दिल्ली के लिए बाढ़ के खतरे का संकेत दे रहे हैं। अतः मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि यमुना के दोनों तरफ के बांध की ऊंचाई और चौड़ाई बढ़ाने,यमुना की सफाई के लिए हस्तक्षेप करने की कृपा करें जिससे दिल्ली में पानी की होने वाली किल्लत और बाढ़ के खतरे को रोका जा सके।